राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
**STATE ELECTION COMMISSION,**
**BIHAR**

पत्र संख्या–पं0नि0 30–129/2024 4105

प्रेषक,

विशेष कार्य पदाधिकारी,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी–सह–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत),
लखीसराय।

पटना, दिनांक– 21.11.24

**विषयः– प्रखण्ड सूर्यगढ़ा ग्राम पंचायत बुधौली बनकर के उप मुखिया एवं प्रखंड लखीसराय ग्राम पंचायत साबिकपुर के उप मुखिया के रिक्त पद पर वांछित कागजात उपलब्ध कराने के संबंध में।**

**प्रसंगः– आपका पत्रांक 967 दिनांक 04.11.2024**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि प्रासंगिक पत्र द्वारा **प्रखण्ड सूर्यगढ़ा ग्राम पंचायत बुधौली बनकर के उप मुखिया एवं प्रखंड लखीसराय ग्राम पंचायत साबिकपुर के उप मुखिया** के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के फलस्वरूप रिक्त पद पर निर्वाचन कराने हेतु आयोग को प्रेषित प्रतिवेदन/प्रस्ताव पर समीक्षोपरान्त पाया गया कि :–

1. **प्रखण्ड सूर्यगढ़ा ग्राम पंचायत बुधौली बनकर के उप मुखिया** अविश्वास प्रस्ताव संबंधी बैठक में अध्यापेक्षा तथ किसी भी सदस्य का तामिला प्रति संलग्न नहीं किया गया है।
2. **प्रखंड लखीसराय ग्राम पंचायत साबिकपुर के उप मुखिया** अविश्वास प्रस्ताव संबंधी प्रतिवेदन में विहित प्रपत्र–03, सूचना निर्गत, अध्यापेक्षा तथा तामिला की प्रति संलग्न नहीं है।

उक्त परिप्रेक्ष्य में अनुरोध है कि स्थिति स्पष्ट करते हुए स्पष्ट प्रतिवेदन पत्र प्राप्ति के एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित की जाय। ताकि संदर्भित रिक्त पद पर निर्वाचन कराने हेतु तिथि निर्धारित की जा सके।

विश्वासभाजन
21/11/24
विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक पं0नि0 30–129/2024– 4105 पटना, दिनांक – 21.11.24

प्रतिलिपि : आयुक्त, मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/11/24
विशेष कार्य पदाधिकारी।

BK
21/11/2024

Sone Bhawan, 3rd Floor, Birchand Patel Marg, Patna – 800 001, Phone 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax: 0612-2507847, E-mail: secbihar@gmail.com secbihar@gmail.com